के कारण राज्य वार कितनी मौतें हुई ; और

(ग) इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं ?

**कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में उपमंत्री (कुमारी कमला कुमारी):** (क) प्रति वर्ष शीत लहर के कारण कुछ लोगों के मरने की सूचना मिलती है ।

(ख) अब तक प्राप्त सूचना के आधार पर 1981–82 के दौरान शीत लहर के कारण बिहार में तीन मौत, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान प्रत्येक में दो-दो मौतें हुई ।

(ग) राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे गृहहीन तथा पटरी पर रहने वाले लोगों के लिए सभी आश्रय-स्थलों का रख-रखाव करें तथा चटाइयों, कम्बलों तथा तापन प्रबंध आदि की मुफ्त में व्यवस्था करें और पुलिस अधिकारियों को निदेश दिए जाय कि वे शीत मौसम के दौरान पटरी पर रहने वाले लोगों का धर्मशालाओं या रात्रि-आश्रय-स्थलों में जाने के लिए विशेष अभियान चलाएं । राज्य सरकारों को यह भी सुझाव दिया गया है कि वे शीत लहर के कारण अभाग्यवश मरने वाले लोगों के मामले में, उनके संबंधियों को अनुग्रह-पूर्वक अदायगी तत्काल मंजूर करें ।

### मध्य प्रदेश में भारतीय वन प्रबन्ध संस्थान को स्थापना

7423. श्री केयूर भूषण : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में भारतीय वन प्रबंध संस्थान को स्थापना को जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ग) क्या इस संस्थान के पंजीकरण संबंधी औपचारिकता पूरी हो गई है;

(घ) क्या संस्थान ने अपना कोई कार्य आरम्भ कर दिया है;

(ङ) क्या संस्थान के भवन निर्माण के बारे में कोई कार्यवाही की गई है ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० बी० स्वामीनाथन ):** (क) जी, हां ।

(ख) छठी योजना अवधि के दौरान 175 लाख रुपये के परिव्यय से भोपाल में भारतीय वन प्रबंध संस्थान स्थापित किया गया है उसका प्रमुख उद्देश्य वानिकी प्रबंध में व्यावसायिक प्रवीणता में वृद्धि करना है । यह संस्था एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी ।

(ग) जी हां ।

(घ) जी हां । प्रबंध संबंधी पाठ्यक्रम चलाने के लिए व्यवस्था की जा रही है ।

(ङ) और (च). भवद के निर्माण के बारे में संचालक मण्डल द्वारा निर्णय लिया जाना है, जिसकी अभी बैठक होनी है ।

### National rural employment programme targets during 1981-82

7424. SHRI N. E. HORO: Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have prepared any assessment report regarding the progress so far and achievements of the